an>

Title: Regarding illegal mining in Bundelkhand.

कुँवर पुÂपेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): महोदय, मैं बुंदेलखंड क्षेत्र से आता हूं। पूरे हिंदुस्तान में इस समय पेयजल का संकट है। हमारे क्षेत्र में हम विशेÂष संकट के दौर से गुजर रहे हैं और उसका मुख्य कारण बारिश कम होना है। हमारे क्षेत्र में औसत से 60 प्रतिशत से कम बारिश हुई है और इस वजह से वहां तालाब, बांध सब खाली हैं।

माननीय सभापति: पेयजल और सूखे के विÂषय पर सदन में चर्चा चल रही है। आप अपनी स्पेसिफिक डिमांड मेंशन कीजिए।

कुँवर पुÂपेन्द्र सिंह चन्देल : महोदय, मैं इसी महत्वपूर्ण विषÂ्ाय पर अपनी बात कहना चाहता हूं। मेरे यहां पानी की कमी का मुख्य कारण अवैध खनन भी है। हमारे यहां उत्तर प्रदेश में नदियों से रेत निकालने के लिए पूरा माफिया एक्टिव है और प्रदेश सरकार से उनका जो गठजोड़ है इसके कारण उन पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो रही है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल (एनजीटी) के माध्यम से जब उनसे बात की गई तो राज्य के अधिकारी रिपोर्ट भेजते हैं कि यहां कोई खनन कार्य नहीं चल रहा है। एनजीटी ने हैलीकाप्टर भेज कर वहां की फोटोग्राफी कराई। मैं बताना चाहता हूं यह शर्म की बात है कि जब वहां हैलीकाप्टर पहुंचा तो उन खनन माफियाओं को पहले से जानकारी प्राप्त थी कि आज इतने समय पर हैलीकाप्टर के द्वारा फोटोग्राफी की जाएगी। मेरे पास प्रमाण है कि बुंदेलखंड के चार-पांच जिलाधिकारियों ने वहां के जो पुलिस इंस्पेक्टर्स हैं, उन्हें फोन किया और कहा कि किसी भी नदी पर और किसी भी रास्ते पर कोई भी ट्रक नहीं मिलना चाहिए क्योंकि आज एनजीटी की टीम आ रही है।

मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि भले ही यह स्टेट मैटर है लेकिन राज्य सरकार जब वहां स्वयं अवैध खनन करवा रही है। जब श्रीश्री रवि शंकर जी का विश्व सांस्कृतिक महोत्सव दिल्ली में होता है तब यमुना गंदी होने के नाम पर उन पर पैनल्टी लगाई जाती है लेकिन क्या इस विÂषय पर एनजीटी लाचार है जो अवैध खनन करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं कर पा रही है। हमारे क्षेत्र के लोग प्यासे मरने के लिए मजबूर हैं। वहां जो लिफ्ट कैनाल सिस्टम लगा है, इस तरफ से वहां खनन हो रहा है कि पूरा पानी एक तरफ चला गया है। मैंने रेल मंत्री जी से वहां पानी की ट्रेन भेजने की बात कही थी। रेल मंत्री जी ने वहां पानी की ट्रेन भेजी और वह पानी की ट्रेन झांसी में खड़ी है लेकिन यूपी सरकार ने उसे मेरे संसदीय क्षेत्र में भेजने नहीं दिया। मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि भारत सरकार इस विÂषय में सख्त से सख्त कार्यवाही करे और मेरे क्षेत्रवासियों का पानी देने का काम करे।

माननीय सभापति :

श्री सी.पी. जोशी,

श्री सुधीर गुप्ता और

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को कुंवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चंदेल द्वारा उठाए गए विषÂ्ाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।